धनबाद, बुधवार
12 सितंबर 2018
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



रूस का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू 14
रघुराम ने एनपीए संकट का ठीकरा संप्रग पर फोड़ा 11



# एकल नृत्य में डीपीएस के दुर्गा प्रसाद ने किया राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**जागरण संवाददाता, आसनसोल** : तरना इंजीनियरिंग कॉलेज नवी मुंबई महाराष्ट्र में ऑल इंडिया डांस स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2018 में दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के छठी कक्षा के छात्र दुर्गा प्रसाद साहू ने 10-13 आयु वर्ग की एकल नृत्य प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन 18,19 अगस्त को किया गया था। राष्ट्रीय स्तर की इस उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए दुर्गा ने संघर्ष का एक लंबा सफर तय किया है। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए दुर्गा प्रसाद को कई चुनौतियों से गुजरना पड़ा। प्रतियोगिता के लिए हुए ऑडिशन सेशन में हजारों की संख्या में आए बच्चों में से कुल 40 बच्चों को चुना गया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में सम्प्रीति भवन बर्नपुर में जूनियर वर्ग के 40 प्रतिभागियों में दुर्गा प्रसाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। दूसरे चरण में डीएवी पब्लिक स्कूल चंडीगढ़ में 60 प्रतिभागियों के बीच प्रतियोगिता हुई। जिसमें दुर्गा प्रसाद ने फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया। चुने गए प्रतिभागियों के बीच ही राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतियोगिता में दुर्गा प्रसाद ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। डीपीएस आसनसोल के प्रिंसिपल आरडी शर्मा ने छात्र दुर्गा प्रसाद साहू को प्रमाणपत्र और स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया।



छात्र दुर्गा प्रसाद को मेडल देते डीपीएस आसनसोल के प्राचार्य आरडी शर्मा • जागरण